<u>समाचार</u>

# वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, इनका रोपण संवर्धन एवं संरक्षण करना हमारा सर्वोच्च दायित्व है – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा व वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने किया पौधों का रोपण)

## (विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिक निगम कोरबा व रोटरी क्लब कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया आयोजन)




कोरबा 05 जून 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता है, वृक्षों से ही हमें प्राण वायु मिलती है, पेड़–पौधों व वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, अतः वृक्षों का अधिकाधिक रोपण करना, उनका संवर्धन एवं संरक्षण करना, हमारा सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए। उन्होने कहा कि बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण सौभाविक रूप से पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा बढ़ रही है, पर्यावरण का संरक्षण करने व प्रदूषण के दुष्प्रभाव को कम करने का सबसे अच्छा माध्यम है, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करना।

उक्त बातें महापौर श्रीमती राजपूत ने आज कोहड़िया उद्यान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज नगर पालिक निगम कोरबा एवं रोटरी क्लब कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में कोहड़िया उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा व वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने इस मौके पर वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे आरोपित किए। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि नगर पालिक निगम कोरबा नगर के विकास व अपने मूलभूत कर्तव्यों के सफल निर्वहन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण व वृक्षों के रोपण, उनके संवर्धन व संरक्षण पर भी लगातार काम कर रहा है। निगम द्वारा क्षेत्र की जनता की सुविधा व शहर को हरीतिमायुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए बड़े पैमाने पर उद्यानों का निर्माण, सड़क के किनारे व रोड डिवाईडरों पर पेड़–पौधों का आरोपण व शहर सौंदयीकरण की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा व वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने भी विश्व पर्यावरण दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करने, उनको संरक्षण व संवर्धन करने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करने का आग्रह आमजन से किया।

कार्यक्रम के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता एन.के.नाथ व तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, सहायक अभियंता राहूल मिश्रा, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पारस जैन, संतोष जैन, प्रेम गुप्ता, राजेश सलुजा, रामकुमार राठौर, प्यारे लाल साहू, रथ चतुर्वेदी, आशीष द्विवेदी, नरेद्र गोस्वामी, आशुतोष तिवारी, कपूरचंद पटेल, अरूण साहू, अभिषेक साहू आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।